'गोठान मैप'मोबाइल ऐप

चर्चा में क्यों?

20 दिसिंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गोठान प्रबंधन के लिये छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी **(CHiPS-**चिप्स) द्वारा विकसित 'गोठान मैप'(गोठान मल्टी ऐक्टिविटी एवं आजीविका प्रबंधन) मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस ऐप द्वारा गोबर खरीदी, गोठान विवरण, चारागाह और पैरादान, स्व-सहायता समूह की गतिविधियों की जानकारी, अधोसंरचना आदि का संपूर्ण विवरण एक क्लिक पर प्राप्त होगा।
- उल्लेखनीय है कि चिप्स द्वारा इन-हाउस विकसित ऐप में संपूर्ण राज्य में संचालित गोठानों का गोठानवार डाटाबेस होगा, जिसमें गोठानो में उपलब्ध संसाधन, गतिविधियाँ, हितग्राहियों एवं सेवाओं आदि का विवरण होगा। जियो-टैगिंग के माध्यम से गोठानों की डिजिटल मैपिंग की जाएगी, जिससे गोठानों के संसाधनों का सतत् लेखा-जोखा उपलब्ध होगा।
- प्रत्येक गोठान में स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित मल्टी एक्टिविटी का डाटाबेस तैयार होगा। इस फ्रेमवर्क से गोठानों के मुख्य सूचकांकों की सटीक निगरानी हो सकेगी। इससे गोठानों में उत्पादित सामग्री की उपलब्धता एवं विपणन और लाभार्थियों का लेखा-जोखा उपलब्ध होगा।
- ऐप में राज्य शासन के लिये गोठान से जुड़ी गोठान समितियों और स्व-सहायता समूहों दोनों के लिये मज़बूत डिजिटल मूल्यांकन तंत्र और सटीकता सुनिश्चित करने वाले गोठान केंद्रित डाटाबेस उपलब्ध होगा। इस डाटाबेस के आधार पर गोठानों में भविष्य में की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने में मदद मिलेगी।
- गोठान में आय सृजन गतिविधियों की प्रवृत्ति और प्रदर्शन की निगरानी के माध्यम से आजीविका के नवीन स्रोतों की पहचान होगी। इससे हितधारकों की आय वृद्धि होगी और सूक्ष्म उद्योग की योजना बनाने तथा संवर्धन की संभावना बढ़ेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gothan-map-mobile-app